हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, 15 नवंबर, 2025

11 चौधरी बंसी लाल विवि में राष्ट्रीय एकता का गूंजा नारा



12 शिक्षण संस्थानों में धूमधाम से मनाया बाल दिवस



## खबर संक्षेप

### जन्मदिन पर पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**लोहारू।** उपमंडल के गांव झुप्पा कला में सेवानिवृत अधीक्षक दर्शनानंद नेहरा और त्रिवेणी बाबा की प्रेरणा से पुत्र वधु ज्योति के जन्मदिन पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दादी छन्नू देवी के सानिध्य में आयोजित इस कार्यक्रम के तहत दर्शनानंद नेहरा ने कहा कि पुत्र वधु बेटी के समान है तथा उसके जन्मदिन पर पौधारोपण करना काफी सुखद है। इस मौके अधिवक्ता करण सिंह नेहरा, संतोष नेहरा, बीरमती देवी, प्रमिला देवी, प्रवक्ता रचना नेहरा आदि ने बादाम का वृक्ष लगाया और पर्यावरण संरक्षण संकल्प लिया।

### रक्तदान व पौधरोपण कर मनाया बेटे का जन्मदिन

**भिवानी।** मानहेरू निवासी अजय पंघाल ने बेटे अक्षित पंघाल का जन्मदिन अनोखे और प्रेरणादायक अंदाज में मनाया। उन्होंने इस खास अवसर को सामाजिक सद्भावना दिवस के रूप में मनाते हुए समाजसेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। अजय पंघाल ने रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए पौधरोपण किया और गो सेवा के तहत गो माता को हरा-चारा खिलाया। अजय पंघाल मानहेरू का यह प्रयास समाज में सकारात्मक सोच, सेवा भाव और पर्यावरण प्रेम को बढ़ावा देने वाला है।

### नारनौल में कल मनाई जाएगी महाराजा शूर सैनी जयंती : सुरेश

**भिवानी।** हरियाणा सरकार द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय समारोह के तहत महाराजा शूरसैनी जयंती 16 नवंबर को नारनौल की नई अनाजमंडी में भव्य रूप से मनाई जाएगी। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यतिथि शिरकत करेंगे। सैनी विचार मंच के प्रदेश संयोजक सुरेश सैनी ने बताया कि समारोह सर्व समाज की एकता, विकास और प्रगति को समर्पित रहेगा। उन्होंने कहा कि संत-महापुरुष किसी एक जाति या वर्ग के नहीं होते, बल्कि वे सर्व समाज के होते हैं, जो मानवता, समानता और सेवा का संदेश देते हैं। प्रदेशभर में तैयारियां जोरों पर हैं।

# एकता पदयात्रा से लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को किया नमन

**भारत माता के जयकारों से गुंजायमान रहा शहर, एक पेड़- मां के नाम पर पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

- विधायक घनश्याम सर्राफ, विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि, भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक और हरियाणा एससी आयोग के उपाध्यक्ष बिजेंद्र बड़गुजर ने एकता पदयात्रा की अगुवाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी





**भिवानी।** ज्योत प्रज्ज्वलित करके एकता पद यात्रा शुरू करवाते विधायक घनश्याम सर्राफ व शहर में पदयात्रा निकालते हुए गणमान्य नागरिक। फोटो : हरिभूमि

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 जयंती के उपलक्ष्य में माई भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार तथा जिला प्रशासन के तत्वावधान में शुक्रवार को स्थानीय पंडित नेकी राम शर्मा लाइब्रेरी के पास किरोड़ीमल पार्क से एकता पद यात्रा निकाली गई। भिवानी से विधायक घनश्याम सर्राफ, बवानीखेड़ा से विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि, भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक और हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष बिजेंद्र बड़गुजर ने एकता पदयात्रा की अगुवाई की। एकता पदयात्रा में युवाओं का जोश देखते ही बन रहा था। युवाओं ने भारत माता की जय, वंदे मातरम के जयकारों से माहौल को गुंजायमान किया और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत किया। एकता पदयात्रा के शुभारंभ पर एक पेड़ -मां के नाम से पौधारोपण किया गया। एकता पदयात्रा पंडित नेकी राम शर्मा लाइब्रेरी से शुरू हुई और किरोड़ीमल पार्क होते हुए घंटाघर, हांसी गेट, रेस्ट हाउस, राजकीय महाविद्यालय के सामने से होते हुए गांव राजपुरा खरकड़ी में पहुंची। हर चौराहे पर सैकड़ों की संख्या में युवा एकता पद यात्रा में शामिल होते गए। नागरिकों ने भारत माता की जयकारों के गगनभेदी नारों से स्वागत किया।

#### पटेल से लें शिक्षा

भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि हमें सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता व कार्यों से शिक्षा लेनी चाहिए और उनको अपने जीवन में ढालना चाहिए। देश की आंतरिक सुरक्षा को बनाए रखने के लिए प्रत्येक नागरिक का योगदान जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि हमें राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने को लेकर समर्पित रहना चाहिए। राष्ट्र की एकता ही हमारे लिए सर्वोपरि है।

#### बुराई दूर करें

बवानीखेड़ा से विधायक कपूर सिंह कहा कि युवा ही राष्ट्र की वास्तविक ताकत हैं। युवा ही किसी भी प्रकार की बुराई को दूर कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को किसी भी प्रकार की बुराई से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल द्वारा देश की अखंडता में दिए योगदान को कभी भुला नहीं जा सकता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व में नई पहचान बना रहा है।

#### देशभक्तों से शिक्षा लेनी चाहिए : कौशिक

भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने कहा कि युवा पीढ़ी ही राष्ट्र को सही दिशा देती है। युवाओं को देश के लिए अपना जीवन कुर्बान करने वालों से शिक्षा लेनी चाहिए। उन्होंने एकता पदयात्रा के दौरान युवाओं में जोश भरने का काम किया। इसके साथ ही उन्होंने अपने संबोधन के माध्यम से स्वदेशी वस्तुएं अपनाने का आह्वान किया।

## डीसी ने ग्रैप-3 की पाबंदियां लागू करने के दिए निर्देश

# प्रदूषण फैलाने वालों के काटे जाएंगे चालान, क्रेशरों पर रहेगी नजर

डीसी साहिल गुप्ता ने कैंप कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली, सड़क पर उड़ रही धूल को नियंत्रित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी साहिल गुप्ता ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, शहरी निकायों, एचएसआईआईडीसी, लोक निर्माण विभाग, श्रम विभाग व पंचायत विभाग सहित अन्य विभागाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि एनसीआर व आस-पास जिले में प्रदूषण का स्तर एक बार फिर निर्धारित मानकों से अधिक होने से ग्रैप-3 की पाबंदी लागू हो गई हैं। ऐसे में संबंधित विभागों के अधिकारी अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में ग्रैप के तीसरे चरण में लगी पाबंदियों को सख्त से लागू करें और उनके द्वारा की गई कार्रवाई की रिपोर्ट प्रतिदिन भिजवाएं। इसके साथ ही डीसी ने निर्देश दिए कि प्रदूषण फैलाने वालों के चालान किए जाएं। डीसी गुप्ता बढ़ते वायु प्रदूषण के चलते शुक्रवार को अपने कैंप कार्यालय में संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दे रहे थे। डीसी ने ग्रैप-3 के तहत धूलभरी सडक़ों पर धूल नियंत्रण को लेकर सड़कों की मशीनों और वैक्यूम आधारित सफाई, रोजाना पानी का छिड़काव और धूल नियंत्रण सामग्री का प्रयोग करने के साथ-साथ एकत्रित धूल को निर्धारित स्थलों पर निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्यों में केवल गैर-प्रदूषणकारी गतिविधियां जैसे जैसे प्लंबिंग, इलेक्ट्रिकल, कारपेंट्री और इंटीरियर फिनिशिंग की अनुमति दी गई है, जबकि स्टोन क्रेशर और माइनिंग गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

#### जनरेटरों की जांच करें

डीसी ने नगर परिषद और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रैप तृतीय चरण के दौरान आदेशों की अवहेलना कर प्रदूषण फैलाने वालों के चालान किए जाएं। उन्होंने यातायात पुलिस को निर्देश दिए कि शहर में वाहनों से जाम की स्थित न बने। इसी प्रकार से उन्होंने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश दिए कि निजी अस्पतालों, औद्योगिक इकाइयों, स्कूलों व बड़े प्रतिष्ठानों में लगे जनरेटरों की स्थिति की जांच करें।

#### बाहर जाने से परहेज करें

बैठक में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. सुनील श्योराण ने बताया कि पर्यावरण प्रदूषण की सिफारिश पर खानक में क्रेशरों के संचालन को रोकने को लेकर थ्री फेस बिजली आपूर्ति को बिजली निगम द्वारा एक फेस में ही कर दिया गया है। नागरिक प्रदूषण से बचने के लिए सावधानी बरतें और अनावश्यक रूप से आवाजाही ना करें। बैठक में नगर आयुक्त गुलजार मलिक, वन मंडल अधिकारी डॉ. राजेश वत्स मौजूद रहे।

#### पराली जलाने से रोकने के लिए करें पेट्रोलिंग : डीसी



वायु गुणवत्ता को लेकर समीक्षा बैठक करते अधिकारी।

**चरखी दादरी।** धान पराली प्रबंधन एवं फसल अवशेष जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध को लेकर वायु गुणवत्ता प्रबंधन को लेकर उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि नोडल अधिकारी आगामी दिनों में फील्ड में रहकर पेट्रोलिंग और मॉनिटरिंग बढ़ाएं, ताकि किसी भी क्षेत्र में पराली जलाने की घटना न हो। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि कोई अधिकारी लापरवाही बरतता है, तो उसके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आने वाले कुछ दिनों तक किसी भी परिस्थिति में पराली जलाने की घटना न हो, इसके लिए सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से फील्ड में रहकर सतर्क निगरानी रखें। उन्होंने निर्देश दिए कि पटवारी, ग्राम सचिव, पशुपालन विभाग के फील्ड अधिकारी एवं अन्य कर्मियों को भी इसमें शामिल किया जाए ताकि 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि ये सुनिश्चित किया जाए कि किसान पराली न जलाएं, बल्कि फसल अवशेषों का वैज्ञानिक ढंग से प्रबंधन करें। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील एसडीएम योगेश सैनी, जिला परिषद सीईओ डॉ. वीरेन्द्र सिंह, सीटीएम प्रीति रावत डीडीपीओ रविन्द्र दलाल, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

#### गीता का संदेश...




भिवानी के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत खंड स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जिसमें भिवानी खंड के 300 बच्चों ने हिस्सा लिया। – खबर पेज 11 पर

# रिपोर्ट साथ नहीं लाने वाले अधिकारियों को डीसी ने दिखाया बैठक से बाहर का रास्ता

**समाधान शिविर की समीक्षा बैठक में डीसी साहिल गुप्ता ने विभागाध्यक्षों को लंबित शिकायतों का समाधान करने के दिए निर्देश**

**सभी विभागाध्यक्ष समाधान शिविर समीक्षा बैठक में अपने-अपने विभाग की पूरी अपडेट रिपोर्ट साथ लेकर आएं : डीसी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शुक्रवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित डीआरडीए सभागार में आयोजित समाधान शिविर, सीएम विंडो, जनसंवाद, एसएमजीटी व सीपी ग्राम की समीक्षा बैठक में डीसी साहिल गुप्ता ने सख्त रूख अख्तियार किया। उन्होंने अपने विभाग की प्रगति रिपोर्ट साथ नहीं लाने वाले अधिकारियों को बैठक से बाहर का रास्ता दिखाया और तुरंत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि वे बैठक में आते समय अपने-अपने विभाग की शिकायतों का पूरा अपडेट डाटा साथ लेकर आएं ताकि प्रत्येक लंबित शिकायत की समीक्षा की जा सके। डीसी ने पब्लिक हेल्थ, पुलिस, इरीगेशन, पंचायत, राजस्व, पाल्यूशन बोर्ड, एचएसवीपी, पीडब्ल्यूडी, पीओ व शिक्षा विभाग की लंबित शिकायतों पर निर्देश दिए कि वे समाधान कर एटीआर व फोटो कार्यालय में भेजे व पोर्टल पर भी अपलोड करें।

#### चंडीगढ़ मुख्यालय ने भी समीक्षा की

उन्होंने निर्देश दिए कि समाधान शिविर, सीएम विंडो, जनसंवाद, एसएमजीटी पोर्टल पर आई प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेकर समाधान करें। इन दौरान नगराधीश अनिल कुमार सहित अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर चंडीगढ़ मुख्यालय से अतिरिक्त मुख्य सचिव अपूर्वा कुमार सिंह ने वीसी के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ समाधान शिविर, सीएम विंडो जनसंवाद, एसएमजीटी व सीपी ग्राम की विस्तार से समीक्षा की।

## रंगकर्मी अनुज राणा की स्मृति में रक्तदान शिविर आज

- चौ. बंसीलाल नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक में लगेगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

वायरल बुखार व अन्य जानलेवा बीमारी निरंतर अपने पैर पसार रही है, ऐसे में मरीज बढ़ने के साथ-साथ ब्लड बैंक में रक्त की जरूरत भी देखी जा रही है। सहारा चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 15 नवम्बर शनिवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस के उपलक्ष्य में दिवंगत पत्रकार एवं रंगकर्मी अनुज राणा की स्मृति में चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश मिताथल व शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने बताया कि रक्तदान शिविर सुबह 9:15 बजे से शुरू होकर 11 बजे तक चलेगा। शिविर में रक्तदाताओं का हौसला अफजाई जिला सूचना व जनसंपर्क अधिकारी सुरेन्द्र सिंगल व अनुज राणा के पिता डॉ. सोमप्रकाश आर्य करेंगे।

## आस्था स्पेशल स्कूल में नेत्रहीन बच्चों के लिए हॉस्टल सुविधा का शुभारंभ

- हॉस्टल में 16 बच्चों के रहने की सुविधा

**भिवानी।** आस्था स्पेशल स्कूल में अनूठी पहल के साथ बाल दिवस मनाया गया। बाल दिवस पर संस्था में पढ़ने वाले नेत्रहीन बच्चों के लिए हॉस्टल व्यवस्था का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी डॉक्टर धर्मवीर ढिल्लों ने हॉस्टल का रिबन काटकर शुभारंभ किया और कहा कि आस्था स्पेशल स्कूल दिव्यांगजनों के उत्थान के लिए दिन प्रतिदिन कोई न कोई अनूठी गति की सोच रखते हैं, जो इस अनूठी जुनूनी जोड़ी का अनूठा कमाल है। संस्था के संस्थापक विजय शर्मा ने बताया कि बाल दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों के लिए हॉस्टल समर्पित कर दिया और इसमें अभी 16 बच्चों के लिए सुविधा रखी गई है। संस्था की प्राचार्य एवं संचालिका एडवोकेट सुमन शर्मा ने बताया कि इन बच्चों के लिए वोकेशनल सेंटर, कंप्यूटर सेंटर एवं पुनर्वास सहित शैक्षणिक गतिविधि चलाई जा रही है, लेकिन ये लाभ नेत्रहीन कम उठा पा रहे थे, क्योंकि उनको हॉस्टल देना अति आवश्यक था।



नेत्रहीन बच्चों के लिए हॉस्टल का शुभारंभ करते प्रसिद्ध उद्योगपति डॉ. धर्मबीर ढिल्लों।

**साइबर क्राइम पुलिस की कार्रवाई**

# फर्जी लोन एप से ठगे 77 हजार, दो आरोपी गिरफ्तार

- पांच लाख रुपये का लोन दिलाने का दिया था झांसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



पुलिस हिरासत में आरोपी।

साइबर क्राइम पुलिस ने दादरी शहर निवासी युवक को 5 लाख रुपये ऑनलाइन लोन देने के नाम पर 77 हजार रुपये की ठगी करने के 2 आरोपित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि 26 अगस्त को वाल्मीकि बस्ती निवासी सन्नी ने पुलिस को शिकायत में बताया था कि उसने इंस्टाग्राम पर ऑनलाइन लोन देने के बारे एक लिंक देखा, जो बजाज फाइनेंस के नाम से था। उसने उस लिंक से बजाज फाइनेंस एप्लीकेशन डाउनलोड कर ली।

इसके बाद एप्लीकेशन को ओपन कर उसने अपनी सारी जानकारी भर दी और सबसे नीचे दिए कॉलम के ऑप्शन पर क्लिक किया। तभी उसके फोन से अनजान नम्बर पर अपने आप कॉल लग गई।

सामने से किसी अनजान व्यक्ति ने बात की और कहा कि अगर लोन चाहिए तो वाट्सएप नंबर पर अपने बैंक खाता की पासबुक और अन्य जानकारी भेजनी होगी। उसने सभी कागजात अनजान व्यक्ति द्वारा बताए गए वाट्सएप नंबर पर भेज दिए । उसके बाद उस व्यक्ति ने कहा कि 5 लाख रुपये का लोन मंजूर हो गया और आपकी 1299 रुपये फीस बनती है जो उसने व्हाट्सएप क्यूआर कोड पर ट्रांसफर कर दिए।

#### इस तरह ठगी हुई

ठग ने हेल्थ इंश्योरेंस के नाम पर 6290 रुपये, जीएसटी टैक्स के तौर पर 12 हजार 500 रुपये, अतिरिक्त चार्ज के नाम पर 16 हजार 400 रुपये मांगे जो उसने उस व्यक्ति द्वारा भेजे हुए क्यूआर कोड पर ट्रांसफर कर दिए। जब पीड़ित को उस अनजान व्यक्ति पर शक हुआ तब तक उसके साथ 77 हजार रुपये का फ्रॉड हो चुका था। हेड कांस्टेबल बलवान सिंह ने आरोपी खाताधारक भगवान सिंह प्रजापति व राजप्रताप चौहान निवासी बम्हारी जिला शिवपुरी, मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया।

**श्रद्धांजलि** पूर्व मंत्री स्व. चौधरी सुरेंद्र सिंह द्वारा दिए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता: श्रुति चौधरी

# पिता के जन्मदिन पर मंत्री श्रुति ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

पूर्व मंत्री चौधरी सुरेंद्र सिंह का नेतृत्व हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत: श्रुति चौधरी

- पूर्व मंत्री स्वर्गीय चौधरी सुरेंद्र सिंह के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर उनके पैतृक गांव गोलागढ़ में उनके समाधि स्थल पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



**तोशाम।** सुरेंद्र सिंह चौक पर मंत्री श्रुति चौधरी ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि पूर्व मंत्री स्वर्गीय चौधरी सुरेंद्र सिंह 36 बिरादरी के नेता थे। उनका नेतृत्व और उनकी विचारधारा हम सभी के लिए प्रेरणा बनी रहेगी। तोशाम क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के विकास में दिए गए उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। श्रुति चौधरी शुक्रवार को अपने पिता पूर्व मंत्री स्वर्गीय चौधरी सुरेंद्र सिंह के जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को गांव गोलागढ़ स्थित उनके समाधि स्थल पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपना संदेश दे रही थी।

#### श्रुति बोलीं-स्व. सुरेंद्र सिंह के काम को आगे बढ़ा रहे

उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी बंसीलाल की तरह सुरेंद्र सिंह का जीवन लोगों की भलाई के लिए संघर्षभरा रहा। उन्होंने हर वर्ग के हित में कार्य किया। उन्होंने कहा कि वे एक-एक कार्यकर्ता को जानते थे। हरियाणा प्रदेश के हर गांव में चौधरी सुरेंद्र सिंह प्रत्यक्ष रूप से लोगों को जानते थे। उन्होंने कहा कि चौधरी सुरेंद्र सिंह के जीवन का अंतिम फैसला भी किसानों के हित में था, जिसमें उन्होंने राजस्व रिकॉर्ड को कंप्यूटरीकरण करने का काम किया, जिसकी आज पूरे प्रदेश में सराहना हो रही है। उन्होंने कहा कि वे अपनी माता राज्यसभा सांसद किरण चौधरी के साथ स्वर्गीय चौधरी बंसीलाल और चौधरी सुरेंद्र सिंह के कार्यों को आगे बढ़ाने का काम कर रही हैं।

#### तोशाम में पिता की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी गोलागढ़ और कैरु के बाद तोशाम में पहुंची। यहां पर चौधरी सुरेंद्र सिंह चौक पर उन्होंने अपने पिता की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने झाड़ू लगाकर स्वच्छता बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री चौधरी सुरेंद्र सिंह हमेशा स्वच्छता को तवज्जो देते थे। स्वच्छता और सादगी उनकी पहचान रही। तोशाम क्षेत्र में 7 दिन तक अभियान चलेगा। इस दौरान श्रुति चौधरी ने त्रिवेणी भी लगाई और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए और पर्यावरण के संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं।

## खबर संक्षेप

### बच्चों ने दिखाई कला, खेल और अनुशासन की मिसाल




**बवानीखेड़ा।** श्री लाल बहादुर शास्त्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बवानी खेड़ा में 14 नवम्बर को बड़े हर्ष और उत्साह के साथ बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। प्रिंसिपल मैडम सोनिका ढींगड़ा ने बच्चों को नेहरू जी के बाल प्रेम, शिक्षा के महत्व और मेहनत तथा अनुशासन के मूल्यों से अवगत कराया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नर्सरी से 3 तक कक्षा तक के छात्रों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता रही। जिसमें बच्चों ने सैनिक, डॉक्टर, किसान, स्वतंत्रता सेनानी, वैज्ञानिक और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर सुंदर प्रस्तुतियां दीं। बच्चों की मासूमियत, रचनात्मकता और आत्मविश्वास ने सभी का मन मोह लिया। माध्यमिक वर्ग (4जी से 8जी) के बच्चों ने कविता वाचन, चित्रकला, कहानी प्रस्तुति और क्विज प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों की कल्पना शक्ति, ज्ञान, भाषा कौशल और मंच प्रस्तुति को निखारना रहा। वरिष्ठ वर्ग (9जी से 12जी) के विद्यार्थियों के लिए कबड्डी और खो-खो के रोमांचक मैच आयोजित किए गए।

### आदर्श पुनर्वास व स्पेशल स्कूल में मनाया बाल दिवस



**भिवानी।** आदर्श पुनर्वास स्कूल व स्पेशल स्कूल में आज बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान निदेशक डॉक्टर राजेश श्योराण ने बताया कि आज के दिन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के उपलक्ष में मनाया जाता है उन्होंने कहा कि बाल दिवस केवल एक उत्सव नहीं है बल्कि यह हमें पंडित नेहरू के आदर्श की याद दिलाता है उन्होंने बच्चों को राष्ट्र का भविष्य माना था हमें हर बच्चे को शिक्षा स्नेह और सुरक्षा देने का संकल्प लेना चाहिए ताकि वह एक जिम्मेदार नागरिक बन सके और उन्होंने बताया कि बाल दिवस सिर्फ एक उत्सव नहीं बल्कि बच्चों के अधिकारों शिक्षा और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है इस अफसर पर विशेष कार्यक्रम, सांस्कृतिक गतिविधियां, खेल-कूद, कीड़ा गतिविधियां भी आयोजित की गई। इस अवसर पर संस्था सचिव डॉ. सरिता श्योराण, प्राचार्या अनीता वर्मा, कोऑर्डिनेटर शारदा शर्मा, डॉ हरिकिशन शर्मा, रिंकू कुमार, ज्योति शर्मा, कैप्टन मुखवीर धायल, कैप्टन सोमवीर यादव, ममता, प्रियंका, पूनम, मपना, मंजू, शशी, रिहाना वेगम, प्रीती, नीतू, अनीता आदि उपस्थित रहे।

### चैरिटेबल ट्रस्ट ने करवाया भंडारा एवं जागरण



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा स्थित श्री नारायण दत बाला जी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 19वां भंडारा व रात्रि जागरण का आयोजन करवाया गया। भंडारा शुक्रवार सुबह 10 बजे शुरू हुआ व जागरण का आयोजन रात्रि 9 बजे आयोहित हुआ। जानकारी देते हुए समाजसेवी एवं पुजारी रामलाल शास्त्री, राजेन्द्र सैनी, राकेश अत्री, मनोज अत्री, राजेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र जांगड़ा, सुरेश, केदारनाथ अत्री, रेणू, निशा, बाला, सुमन आदि ने बताया कि बवानी खेड़ा के राजकीय महिला महाविद्यालय के पास सिद्ध श्री बाबा नारायण दत महाराज के पुण्यतिथि के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 19वां विशाल भंडारा एवं रात्रि जागरण किया गया। उन्होंने बताया कि इस मंदिर में लोगों की अगाढ़ आस्था और विश्वास है जो भी सच्चे दिल से यहां शीश नवाकर मन्नत मांगता है उसकी मुरादें बाला जी पूरी करते हैं। वहीं भंडारे में दूर दराज से पहुंचकर भगतजनों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### बवानी खेड़ा के बीके विद्यालय में बाल दिवस मनाया



**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के बी. के. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बाल दिवस के अवसर पर हर्षोल्लास का कार्यक्रम रहा। सर्वप्रथम पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा के समक्ष विद्यालय में पधारे मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद, बवानी खेड़ा से जगन्नाथ मेहता, विद्यालय प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा, वरिष्ठ विभाग प्रमुख योगेंद्र सिंह द्वारा पुष्पार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यार्थियों ने चुटकुले, भाषण कविता, पहेलियां आदि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह को खुशनुमा बना दिया। कक्षा तीसरी से कक्षा पांचवी तक के विद्यार्थियों के मध्य हर्डल रेस, थ्री लेग रेस, 100 मीटर रेस, जंप रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने सभी विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हर दिन बाल दिवस है। बच्चों से ही विद्यालय की शोभा है, बच्चे भगवान का रूप होते हैं। दूसरी ओर विद्यालय में भारत विकास परिषद की ओर से भारत को जानो प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल आठ विद्यालयों- सिटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सनराइज स्कूल, गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने प्रतिभागिता की। प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई। दोनों ही वर्गों में बी. के. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य सुरेश जांगड़ा, कनिष्ठ विभाग संचालिका मंजु मलिक, दीपक, कृष्ण कुमार, राहुल, कश्मीर भाटी, नागेन्द्र, पार्वती चंदा आदि उपस्थित रहें।

### आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सहयोग जरूरी




**भिवानी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से गांव बामला-2 में ग्रामीण मंडल सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन ग्रामीण मंडल सचिव राजबाला रंगा के निवास गांव बामला-2 के गोपी मोहल्ला में हुआ, जिसमें स्थानीय लोगों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के तौर पर भाजपा ग्रामीण मंडल के महामंत्री सुनील भारद्वाज धारेडू ने शिरकत की। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला। जिसका मुख्य लक्ष्य देश को आत्मनिर्भर बनाना है। अभियान के तहत स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देने, आयात पर निर्भरता कम करने, और अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों को मजबूत करने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों, कृषि और विनिर्माण जैसे प्रमुख क्षेत्रों को मजबूत करने की बात कही और स्वदेशी उत्पादन को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए देश के सभी नागरिकों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। मंडल संयोजक नरेश गौतम एडवोकेट ने कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को संबोधित किया। इस अवसर पर सज्जन कंवर फूलपुरा, बलबीर, धर्मेंद्र माधव मंडल उपाध्यक्ष, मित्तपाल कोंट, सुरेश धानक नांगल, कृष्णा मंडल सचिव बामला, दयावंती, राजपाल प्रजापति सहित मंडल भाजपा के सभी बुथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रमुख, वरिष्ठ और सक्रिय कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने मिलकर इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### लोहारूः चौ. बंसीलाल कॉलेज में स्लोगन व पोस्टर से नशे के खिलाफ किया जागरूक

**लोहारू।** शुक्रवार को स्थानीय चौ बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय में यूथ रेडक्रास क्लब के तत्वावधान और कार्यकारी प्राचार्य डॉ उमेद जांगिड़ की अध्यक्षता में नशे के खिलाफ जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग में टीना ने प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यकारी प्राचार्य डॉ. उमेद जांगिड़ ने प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कहा कि वर्तमान नशा एक सामाजिक बुराई बन चुका है तथा नशा समाज के लिए किसी चुनौती से कम नही है। देश की युवा पीढ़ी लगातार नशे की दलदल में धंसती जा रही है, ऐसे में युवाओं में नशे के खिलाफ जागरूक होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि सामूहिक सहयोग से ही नशे जैसी सामाजिक बुराई का अंत किया जा सकता है। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में में एमए प्रथम हिंदी की छात्रा टीना ने प्रथम स्थान, बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा दिव्या ने द्वितीय स्थान तथा एम.ए. अंतिम वर्ष हिंदी की छात्रा पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ पूनम, डॉ सीमा, सोनिका, पिंकी, सोनू, सुमन सहित स्टाफ सदस्य और छात्राएं मौजूद थी।

---

## राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 गौरवशाली वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

# चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एकता का गूंजा नारा

**बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय की रचना वंदेमातरम भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की धड़कन रहा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


भिवानी। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी। फोटोः हरिभूमि

भारत के राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 गौरवशाली वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय में "राष्ट्रीय एकता कार्यक्रम" का आयोजन अत्यंत उत्साह और भव्यता के साथ किया गया। यह कार्यक्रम केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं था, बल्कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम, सांस्कृतिक धरोहर और राष्ट्रीय एकता की जड़ों को पुनः स्पंदित करने वाला जीवंत प्रयास सिद्ध हुआ।

विश्वविद्यालय की एनएसएस सेल के कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर संजीव कुमार ने कहा कि वंदे मातरम, जिसकी रचना बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने 1875 ई. की, भारत के स्वतंत्रता आंदोलन की धड़कन रहा है। क्रांतिकारी आंदोलनों से लेकर जन-आंदोलनों तक, यह गीत देशवासियों को एकजुट करने का प्रतीक बना रहा। 150 वर्षों की इस ऐतिहासिक यात्रा को स्मरण करते हुए हमारे संस्थान ने इस कार्यक्रम को राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक जागरण का रूप दिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रगीत वंदे मातरम के इतिहास, रचना-भाव और स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका को समझाना रहा। विद्यार्थियों में भारत की सांस्कृतिक विरासत, एकता, देशभक्ति और उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ किया। विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भारत की "विविधता में एकता" की भावना को प्रदर्शित करना। युवाओं को राष्ट्रीय मूल्यों, संवैधानिक कर्तव्यों और सामाजिक समरसता के प्रति जागरूक बनाना। विद्यार्थियों में रचनात्मकता, प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता को मंच प्रदान करना। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9.30 बजे हुआ।

### स्वदेशी अपनाने का लिया संकल्प



**भिवानी।** वैश्य महाविद्यालय प्रांगण में महान स्वतंत्रता सेनानी बाबू बनारसीदास गुप्ता एवं समाजसेवी सेठ किरोड़ीमल की प्रतिमा के समक्ष राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के स्मरणोत्सव पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों ने स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, उपप्राचार्या प्रोफेसर सविता जैन, डीन एकेडमिक डॉ. नरेंद्र चाहर, डीन युवा कल्याण प्रोफेसर धीरज त्रिखा, डॉ. सरिता गोयल, डॉ. पूनम वर्मा, डॉ. सुरेंद्र दलाल, डॉ. राजेंद्र सिंह डॉ. कामना कौशिक, डॉ. मोहनलाल ने विद्यार्थियों को स्वदेशी उत्पादों को अपनाने एवं अन्य लोगों को भी स्वदेशी अपनाने को प्रेरित करने की शपथ दिलवाई।

### महिला महाविद्यालय में उत्सव मनाया

**चरखी दादरी।** महिला महाविद्यालय झोझू कलां में वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में एनएसएस इकाई प्रथम व द्वितीय द्वारा वंदे मातरम 150 मनाया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजू सांगवान व डॉ. शर्मिला कुमारी ने बताया कि वंदे मातरम ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारतीयों के दिलों में जोश और देशभक्ति की भावना को जगाने में महत्वूर्ण भूमिका निभाई थी। 24 जनवरी 1950 को इसे राष्ट्रीय गीत का दर्जा दिया गया। यह गीत हम एकजुटता, आत्मनिर्भर और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध भविष्य की आकांक्षाओं को जोड़ता है। सभी स्वयं सेविकाओं ने मानच चैन बनाकर वंदे मातरम गीत व राष्ट्रीय गान गाय।

---

### माकपा ने दिल्ली में हुए बम विस्फोट की निंदा की

**भिवानी।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की भिवानी जिला कमेटी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के मध्य में हुए नृशंस बम हमले की कड़ी निंदा करती है तथा उन परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करती है, जिन्होंने इस विस्फोट में अपने प्रियजनों को खो दिया है। ये जानकर बेहद दुःख हुआ है कि दिल्ली के आसपास के इलाकों में भारी मात्रा में विस्फोटक और हथियार मिले हैं, जिन्हें अब इस हमले से जोड़ा जा रहा है। ये एक संगठित नेटवर्क की संलिप्तता का संकेत देता है। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इसका पर्दाफाश करे और सभी अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाए।


चरखी दादरी। एनडीए की जीत का जश्न मनाते कार्यकर्ता। फोटोः हरिभूमि

### बिहार में जीत पर विधायक और कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**चरखी दादरी।** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत के बाद में विधायक सुनील सांगवान ने भाजपा पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ जश्न मनाया। उन्होंने जिलाध्यक्ष सुनील इंजीनियर के साथ कार्यकर्ताओं को मिठाई खिलाई और ढोल नगाड़ों के साथ खुशी का इजहार किया। बिहार चुनाव में एनडीए गठबंधन की ऐतिहासिक और प्रचंड जीत पर भाजपा कार्यकर्ता शुक्रवार को विधायक सुनील सांगवान के साथ लाजपत राय चौक पर पहुंचे और एक-दूसरे को मिठाई खिलाते हुए जीत की शुभकामनाएं दी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, एनडीए सरकार की विकासपरक नीतियों और जनता के अपार विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया। कहा कि इस ऐतिहासिक जीत ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि जनता विकास, सुशासन और स्थिरता के पक्ष में है।

## भुरटाना हाई स्कूल में खेलकूद स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा



राजकीय उच्च विद्यालय भूरटाना में वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का आयोजन बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। विद्यालय इंचार्ज सज्जन कुमार ने बताया कि खेलकूद विद्यार्थियों में शारीरिक स्वस्थता के साथ-साथ टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करते हैं। सदन कोऑर्डिनेटर विजय जांगड़ा ने बताया कि 100 मीटर दौड़ में कक्षा 6ठी से 7वीं से ख़ुशी और कक्षा 10वीं से ख़ुशी और अरमान विजेता रहे। 200 मीटर दौड़ में कक्षा 8वीं से जीविका और सनी विजेता रहे; लेमन रेस में कक्षा 6ठी से हर्षिता, 8वीं से रतन, 9वीं से अंश और कक्षा 10वीं से ख़ुशी विजेता रहे; सैक रेस में कक्षा 6ठी से यशिमन प्रथम और मनप्रीत द्वितीय रही; थ्री-लेग्ड रेस में कक्षा 6ठी से आरुशी और कक्षा 10वीं से प्रवीण विजेता रहे, लंबी कूद में कक्षा 8वीं से जैस्मिन, कक्षा 9वीं से ख़ुशी, कक्षा 7वीं से राहुल और कक्षा 10वीं से अमन विजेता रहे; गोला फेंक में कक्षा 8वीं से जैस्मिन विजेता रही। चक्का फेंक में कक्षा 6ठी से आरुशी, कक्षा 10वीं से निशा विजेता रही; खो-खो में टीम–ए विजेता रही जिसके खिलाडी हैं विनय, विवेक, आशीष, शोहरत, रतन, रोहन, अविनाश, राहुल, जतिन; कबड्डी में टीम-बी विजेता रही जिसके खिलाडी हैं आदित्य, मंदीप, इशांत, अजय, अरमान, शशांक और प्रवीण; कुश्ती में वंशिका, 8वीं से सनी और 10वीं से प्रिंस विजेता रहे।

---

**राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव कार्यक्रम**

## प्रश्नोत्तरी में वैश्य मॉडल स्कूल की टीम प्रथम




हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत जिला खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल गौड़ के निर्देशन में खंड स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जिसमें भिवानी खंड के 300 के लगभग बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में मुख्यातिथि नप के डीएमसी गुलजार मलिक तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्या सविता घणघस ने की। प्रतियोगिता में कक्षा छठी से 12वीं तक के कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग में निबंध लेखन, गीता श्लोकोच्चारण, भाषण, संवाद, प्रश्नोत्तरी व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। मुख्यातिथि मलिक ने कहा कि गीता हमें जीवन जीने की कला सिखाती है और राष्ट्र की धरोहर है। आज गीता पूरे विश्व में पवित्र ग्रंथ के रूप में पढ़ी जाती है, जिसकी शिक्षा को प्राप्त कर बच्चों में कर्मयोग, कर्त्तव्य बोध, कर्मनिष्ठा व संस्कार का ज्ञान देती है।

### प्रतियोगिता में यह रहे विजेता

प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को नकद पुरस्कार व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग के निबंध में टीआईटी से विधि प्रथम, उतमीबाई से खुशी द्वितीय, राजकीय मॉडल स्कूल से वंशिका तृतीय स्थान पर रही। वरिष्ठ वर्ग में राजकीय कन्या स्कूल खरक कलां से जयश्री प्रथम, एचवीवी भिवानी से आकांक्षा द्वितीय, टीआईटी से भूमिका तृतीय। कनिष्ठ वर्ग के भाषण प्रतियोगिता में पंडित सीताराम शास्त्री स्कूल से टीना प्रथम, राजकीय स्कूल बापोड़ा से प्रियंका द्वितीय, लिटिल हार्ट पब्लिक स्कूल से दृप्ति तृतीय, वरिष्ठ वर्ग में राजकीय स्कूल बापोड़ा से प्रेरणा प्रथम, पंडित सीताराम से हिमांशी द्वितीय, पीएमश्री कन्या स्कूल से गरिमा तृतीय स्थान पर रही। प्रश्नोत्तरी के कनिष्ठ वर्ग में वैश्य मॉडल स्कूल की टीम प्रथम, हलवासिया स्कूल की टीम द्वितीय, राजकीय कन्या स्कूल खरककलां की टीम तृतीय, वरिष्ठ वर्ग में वैश्य मॉडल स्कूल प्रथम, उत्तमी बाई की टीम द्वितीय व टीआईटी स्कूल की टीम तृतीय रही। संवाद के कनिष्ठ वर्ग में केएम पब्लिक स्कूल प्रथम, हलवासिया स्कूल द्वितीय, डीएवी स्कूल की टीम तृतीय, वरिष्ठ वर्ग में राजकीय मॉडल स्कूल भिवानी प्रथम, राजकीय कन्या स्कूल बापोड़ा द्वितीय व डीएवी पब्लिक स्कूल की टीम तृतीय, पेंटिंग में कनिष्ठ वर्ग में वैश्य मॉडल स्कूल से मन्नत प्रथम, पालुवास स्कूल से राधिका द्वितीय, प्रेमनगर स्कूल से नेहा तृतीय स्थान पर रही। मंच संचालन दीपमाला शर्मा ने किया तथा जज की भूमिका प्राचार्य रविंद्र वैद, डॉ. हनीफ, डॉ. महेश गौड़, शिवकुमार शास्त्री, सुयोग शास्त्री, रामधन, रजनी शर्मा, अनीता शास्त्री, डॉ. संजीव जैन, जितेन्द्र शास्त्री, अनिता शर्मा, बृजमोहन शास्त्री, गौतम शास्त्री व राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री अवार्डी लक्ष्मण गौड़ ने निभाई।

## हमारे स्वास्थ्य, खेती और सांस्कृतिक चेतना का आधार है गोपालन : चौहान

- पंचायत राज संस्थाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


भिवानी। कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए। फोटोः हरिभूमि

हमारा ग्रामीण समाज तभी उन्नत होगा जब हम अपनी देसी गाय, अपनी परंपराएं और अपनी जड़ों से जुड़ी जीवन शैली को फिर से अपनाएं। गौ-पालन केवल एक आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि हमारे स्वास्थ्य, खेती और सांस्कृतिक चेतना का आधार है। हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान के निदेशक डा. वीरेंद्र सिंह चौहान ने यह बात शुक्रवार को जिले के ग्रामीण अंचल की मातृ शक्ति को संबोधित करते हुए की। बता दे कि पंचायत राज संस्थाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से क्षेत्रीय पंचायत राज एवं सामुदायिक विकास संस्थान भिवानी में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य जमीनी स्तर पर कार्यरत मिड-डे-मील कार्यकर्ताओं एवं स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को अधिकारों, कर्तव्यों और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर उन्हें अधिक सक्षम बनाना था। डा. चौहान ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आत्मा मानी जाने वाली देसी गौ-पालन, प्राकृतिक खेती और पुरानी परंपराओं को जीवन में शामिल करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि देसी गाय न केवल खेत की उर्वरता बढ़ाती है, बल्कि परिवार के स्वास्थ्य, पोषण और आर्थिक स्वावलंबन को भी मजबूत करती है। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि स्वस्थ समाज और संपन्न ग्राम वही हैं, जो अपनी परंपराओं को विज्ञान के साथ जोडक़र आगे बढ़ते हैं। संस्थान के प्रधानाचार्य डा. प्रदीप सिंह मल्हान ने स्वास्थ्य, स्वच्छता और रोग निवारण से जुड़े अधिकारों, कर्तव्यों और सरकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कैसे वे अपने समुदायों में स्वस्थ जीवन शैली, स्वच्छता व्यवहार, और रोगों की रोकथाम में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं।

### पूर्व सीपीएस रणसिंह मान के भाई के निधन पर शोक जताया

**चरखी दादरी।** पूर्व सीपीएस रणसिंह मान के भाई उमराव सिंह के निधन पर उनके एमसी कॉलोनी दादरी स्थित निवास पर अनेक गणमान्य नेताओं और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पहुंचकर संवेदना व्यक्त की। विधायक सुनील सांगवान, पूर्व विधायक जगजीत सांगवान, पूर्व विधायक नृपेंद्र मांढी, पूर्व विधायक रणबीर मंदोला, इनेलो जिला अध्यक्ष सूबे सिंह अटेला, शांति सेना प्रमुख संपूर्ण सिंह, जिला परिषद प्रमुख मंदीप डालावास, सोमबीर घसोला, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष बलवान सांगवान, फोगाट खाप प्रधान सुरेश फोगाट, एडवोकेट फतेह सिंह श्योराण, एडवोकेट बलवान सिंह, अनिल धनखड़, बलवंत नंबरदार, जोरावर सांगवान, आनंद श्योराण, एडवोकेट वीरेंद्र बादल, देवेंद्र लीला समसपुर सहित समेत अन्य लोगों ने उनके निधन पर शोक जताया।


## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

### ग्यारहवां पुरस्कार (इलैक्ट्रिक कैटल-100 नग)

❖ रणधीर सिंह सुपुत्र श्री सूरत सिंह, गांव लहराड़ा, सोनीपत ❖ यशपाल शर्मा पुत्र श्री बारू राम, 317/3, धर्मबीर कॉलोनी, घरौंडा, करनाल ❖ सरिता धर्मपत्नी श्री विनोद कुमार, प्रगति नगर, गली नं.-2, सोनीपत ❖ श्री जगदीश सुपुत्र रामभजन प्रजापति, वार्ड नं. 10, महम, रोहतक ❖ श्री पवन कुमार सुपुत्र श्री सूरज भान वर्मा, गोपाल कॉलोनी, नीयर पुराना सदर थाना, रोहतक ❖ राम सिमरो धर्मपत्नी श्री जुगल किशोर, मं नं. 2700/15, पंचकूला ❖ दक्ष सुपुत्र श्री खुशी राम गांव व डा. कुराड़, सोनीपत ❖ क्रिश सुपुत्र श्री राजकुमार 46 अनिल नगर, सोनीपत ❖ विरेन्द्र सिंह यादव सुपुत्र श्री जगराम यादव, गांव पुन्सिका, मनेठी, रेवाड़ी ❖ नरेश कुमार सुपुत्र श्री ताराचंद पाली रेवाड़ी मनेठी ❖ गुलशन कौर धर्मपत्नी श्री बृजपाल सिंह, सरदार आटा चक्की, पुल बाजार, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ शैकिन दत्त सुपुत्र श्री राम निवास, विशाल नगर, गली नं. 2, सोनीपत ❖ नीरू सचदेवा पत्नी श्री पंकज सचदेवा, गांव बरसत, घरौंडा, करनाल ❖ पार्थ सुपुत्र श्रीमान प्रमोद ❖ रजनी सुपुत्री श्री रणबीर सिंह, ककरोई, सोनीपत ❖ गर्वित पाराशर सुपुत्र श्री विरेन्द्र पाराशर, गांव खाण्डा, खरखौदा, सोनीपत ❖ नरेन्द्र पुत्र श्री भीम सिंह मैन बाजार नजदीक पुराना थाना, जुलाना, जीन्द ❖ चान्दराम सुपुत्र श्री देई चन्द, वार्ड नं. 9 जुलाना मण्डी, जीन्द ❖ रीना धर्मपत्नी सुखपाल सिंह चौहान, सिद्धार्थ कॉलोनी, बहालगढ़ रोड़, सोनीपत ❖ हीना सहरावत धर्मपत्नी श्री अंकित सहरावत ❖ शमशेर पुत्र श्री फूल सिंह, जै जैवन्ती, जुलाना, जीन्द ❖ प्रियंका धर्मपत्नी श्री राजकुमार, 46 नजदीक रामा मेडिकल स्टोर, अनिल नगर, सोनीपत ❖ श्री भगवान भटनागर सुपुत्र श्री लाल चन्द भटनागर, प्रगति नगर, गली नं. 2, सरोहा हाउस के सामने छोटू राम चौक, सोनीपत ❖ हिमाशुं सुपुत्र श्री लोकेश, वस्त्रम नगर, गली नं. 10, सोनीपत ❖ प्रीति मिश्रा धर्मपत्नी परतव उपाध्याय, गली नं. 7, रिषी कॉलोनी, सोनीपत ❖ श्री पंकज सुपुत्र श्री अशोक कुमार, पटेल नगर, रेलवे रोड, जींद ❖ विकास सुपुत्र श्री गुरदास गांव जुलाना वार्ड नं. 6 जीन्द ❖ झलक सुपुत्री श्री राजकुमार, म. नं. 46, कुम्हार गेट, अनिल नगर, सोनीपत ❖ अंजु धर्मपत्नी दीपक रावत, 19/9, न्यू सब्जी मण्डी, सोनीपत ❖ सोनिया धर्मपत्नी श्री मनोज कुमार 27/10, चावला कॉलोनी, सोनीपत ❖ सचिन वधवा, मं नं. ई 205, राम गली, करनाल ❖ अनिता चुरानी, 2700 FF सेक्टर -15, पंचकूला ❖ गुजरी देवी, धर्मपत्नी रोहतास मलिक, फैमिना टेलर, रेलवे रोड, सफीदों, जीन्द ❖ गुलाब सिंह धर्मपत्नी श्री टेक राम, बुढ़ा खेड़ा, लाठर, जुलाना, जीन्द ❖ जगबीर सुपुत्र श्री बनवारी लाल, अकालगढ़, जुलाना, जीन्द ❖ सुखबीर सिंह सुपुत्र श्री रंगराव, गांव पलड़ा, बेरी, झज्जर ❖ जय किशन सुपुत्र श्री डालचन्द, हमायुंपुर, मातनहेल, झज्जर ❖ कविता धर्मपत्नी श्री अशोक हथवाला, जुलाना, जीन्द ❖ श्री पवन कुमार वधवा, फैंसी मेन बाजार, कलधा हाउस, कलानौर, रोहतक ❖ श्री सचिन सुपुत्र कृष्ण, गांव व डा. खरावड़, तह. सांपला, रोहतक ❖ श्री जगवंती गांव व डा. बोहर, रोहतक ❖ लक्ष्मी नारायण सुपुत्र श्री जय नारायण, म. नं. 2620 अर्बन स्टेट, सैक्टर 10, जीन्द ❖ वेदपाल सुपुत्र श्री धर्मबीर, गांव सुबाना, झज्जर ❖ राजेश हेयर ड्रेसर सुपुत्र जय सिंह, भानू भाई फैक्ट्री, झज्जर ❖ सुनिधी पुत्री श्री सतपाल, गांव अमादलपुर, माछरौली, झज्जर ❖ हीरालाल रोहिला सुपुत्र श्री रामपाल, गांव रैईया, बख्तावरपुर, झज्जर ❖ सतबीर सिंह पुत्र श्री उदयराम, मॉडल टाउन, झज्जर ❖ धरेश कुमार सुपुत्र श्री प्रताप चन्द म. नं.31/11, मौहल्ला लाल कहानिया, झज्जर ❖ रामरत्तन एक्स सर्विसमैन पुत्र श्री मथुरा दास, गांव बेरी वार्ड नं. 1, झज्जर ❖ मनमोहन सिंह सुपुत्र श्री ओमप्रकाश, प्राणपुरा, वार्ड नं. 5, नारनौल, महेन्द्रगढ़

क्रमशः शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

### आवश्यक सूचना :

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते है :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

# जिले में शिक्षण संस्थानों में धूमधाम से मनाया बाल दिवस समारोह, चाचा नेहरू को किया याद

## डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में झूमे बच्चे



**भिवानी।** डी.ए.वी. पुलिस पब्लिक स्कूल भिवानी ने बड़े हर्षोल्लास के वातावरण में बालदिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर स्टाफ ने विद्यार्थियों के मनोरंजन और प्रोत्साहन के लिए प्रार्थना सभा का संचालन किया। कक्षा छठी की दो छात्राओं हर्षिता और कनिका ने कश्मीर टू कन्याकुमारी गीत मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा चौथी और पांचवीं के छात्र-छात्राओं ने अपने मनभावन नृत्य से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा छठी की छात्रा पूर्वी ने ' ढोल जगीरों का' गीत पर विस्मयकारी एकल नृत्य की प्रस्तुति दी। कक्षा छठी के छात्रों ने भंगड़ा नृत्य की प्रस्तुति दी। ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा लीजा और पार्टी ने रोमांचकारी नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की समाप्ति पर विद्यालय प्राचार्या कुसुम शर्मा ने बाल दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आपके अंदर असीमित संभावनाएं हैं। चाचा नेहरू के सपने को साकार करने के लिए आपको एक मजबूत और जिम्मेदार नागरिक बनना होगा। इस अवसर पर स्टाफ़ सदस्य भी उपस्थित रहे।

## बालाजी स्कूल में धूमधाम से मना बाल दिवस



**भिवानी।** गांव कलिंगा स्थित श्रीबालाजी स्कूल में शुक्रवार को बाल दिवस पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। खेल का शुभारंभ सज्जन कुमार कौशिक ने दीप प्रज्ज्वलित और पंडित नेहरू की प्रतिमा को माला अर्पित करके किया। उन्होंने छात्र व छात्राओं को खेल को खेल की भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य बजरंग तंवर व रेणुका शर्मा ने बताया कि खेल अनुशासन, आत्मविश्वास और शारीरिक मजबूती के लिए महत्वपूर्ण है।

## खेलों से मानसिक व शारीरिक विकास संभव



**चरखी दादरी।** एचडी स्कूल बिरोहड़ में बाल दिवस पर आयोजित 21वें दो दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव का भव्य शुभारंभ उत्साह, अनुशासन और जोश के अद्भुत संगम के साथ हुआ। समारोह में बतौर निदेशक बलराज फौगाट ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया, जबकि कार्यक्रम की गौरवशाली शोभा के लिए मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी राजबाला फौगाट तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. अस्मिता फौगाट ने अपनी शिरकत की। पहले दिन लड़कों और लड़कियों की 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। खिलाड़ियों ने पूरी शक्ति और गति के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दर्शकों की जोरदार तालियों के बीच कई रोमांचक निर्णायक क्षण देखने को मिले। इसके अलावा विद्यार्थियों में टीम भावना और संतुलन की परीक्षा लेने वाली थ्री लेग्ड रेस ने भी सभी का मनोरंजन किया। 200 मीटर रेस में अमन, अर्जुन ने प्रथम, कार्तिक, शिवम और अतुल ने द्वितीय व कार्तिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया उसी प्रकार लड़कियों में कविता, नेहा, नीतु प्रथम, स्नेहलता और वर्षा द्वितीय व साक्षी तीसरे स्थान पर रही।

## सरस्वती स्कूल में नाटकों से दिया संदेश



**भिवानी।** सरस्वती विद्या विहार आसलवास दुबिया में बाल दिवस बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं चाचा नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम में प्रस्तुत पहला नाटक "मोबाइल के दुष्प्रभाव" पर आधारित था। दूसरा नाटक "अंधविश्वास को त्यागो" विषय पर रहा, जिसने समाज में फैली रूढ़िवादी मान्यताओं से दूर रहने तथा वैज्ञानिक सोच अपनाने की प्रेरणा दी। विद्यालय के चेयरमैन राजबीर सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि चाचा नेहरू के सपनों का भारत तभी बनेगा, जब हमारे बच्चे शिक्षित, संस्कारित और जिम्मेदार नागरिक बनेंगे। विद्यालय के डायरेक्टर अभिषेक ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य जोगेंद्र भारद्वाज ने भी अपने प्रेरणादायक शब्दों में बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ–साथ नैतिक मूल्यों को अपनाने तथा राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया। समारोह में हेड मिस्ट्रेस अमिता मेहता, सविता जांगड़ा व सभी शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बच्चों ने लोकनृत्यों से मिनी भारत के करवाए दर्शन

वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में विशाल बाल महोत्सव का आयोजन

- विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत हरियाणवी, पंजाबी, गुजराती, राजस्थानी, बॉलीवुड आदि नृत्यों की मनभावन प्रस्तुति देकर बाल महोत्सव में चार-चांद लगा दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। कार्यक्रम में उपस्थित ट्रस्ट के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

वैश्य मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में बाल दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए विशाल बाल महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें विधायक तथा विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष घनश्याम दास सर्राफ, वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवरतन गुप्ता , विद्यालय प्रबंध समिति के महासचिव बृजलाल सर्राफ , कोषाध्यक्ष सुंदरलाल अग्रवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवरतन गुप्ता ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती हैं, जो उनके आत्मविश्वास में वृद्धि कर उन्हें रचनात्मक और सामाजिक कौशल सिखाती हैं। प्रबन्धसमिति के महासचिव बृजलाल सर्राफ ने विद्यार्थियों द्वारा रखे गए मूल्यांकन बोर्ड पर विद्यालय की प्रधानाचार्या, अध्यापकवृंद व विद्यार्थियों की तारीफ करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। विद्यालय प्राचार्या कमला गुरेजा ने शब्दों के माध्यम से अतिथि महानुभावों का स्वागत किया। रंगारंग कार्यक्रमों की श्रृंखला में सर्वप्रथम गणेश वंदना प्रस्तुत की गयी। बाल महोत्सव मेले को अलग-अलग कई भागों में बांटा गया । मनोरंजन जोन में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत हरियाणवी,पंजाबी, गुजराती ,राजस्थानी, बॉलीवुड आदि नृत्यों की मनभावन प्रस्तुति देकर बाल महोत्सव में चार चांद लगा दिए । गीत- गायन ,भजन ,कविता,फैंसी ड्रेस ,नुक्कड़ नाटक की शानदार प्रस्तुति ने सभी को भाव -विभोर कर दिया ।

गेम्स जोन में विद्यार्थियों द्वारा अलग-अलग प्रकार की खेल संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें फॉक्स फिएस्टा, ब्रेन टेस्टर , बाल स्वैप -बाल ट्रांसफर, क्विक झफिक्स, स्ट्रॉ चैलेंज,लक टेस्ट ,टिक टैक टो, क्राफ्ट बाजार , हिना हैंड और टैटू,किस्मत आजमाओ, वैकी लैब, फ्यूचर फन फॉर्चून आदि गतिविधियां शामिल रहीं। संपूर्ण विद्यालय परिसर को आर्ट एंड क्राफ्ट की कलात्मक कृतियों से सजाया गया। विद्यालय प्रांगण में बनाई गई रंगोली दर्शकों के विशेष आकर्षण का केंद्र रही, साथ ही सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी लेने को आतुर अभिभावक व विद्यार्थियों की लंबी कतार अपनी बारी की प्रतीक्षा में दिखाई दी।



भिवानी। विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते अतिथि।

## पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने बच्चों को किया सम्मानित

**भिवानी।** पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शुक्रवार को दादरी गेट स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में बाल दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। ट्रस्ट ने बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक और ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जिसमें विजेता प्रतिभागियों को ट्रस्ट की ओर से सम्मानित किया। कार्यक्रम में बच्चों को भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन आदर्शों और बाल दिवस के महत्व से भी परिचित करवाया। ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र सभ्रवाल ने विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान स्कूल के सभी बच्चों को फल वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए पाठ्य सामग्री भी भेंट की। इस अवसर पर राजू मेहरा, जंगबीर कासनिया, सतीश रंगा, शीला, दुलीचंद पुनिया, पवन भारद्वाज, शिवकुमार, मदनलाल, नीलम व विपिन मौजूद रहे।

## बाबा मुंगीपा स्कूल में मनाई चाचा नेहरू की जयंती

**भिवानी।** कैरू स्थित बाबा मुंगीपा एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स स्कूल में शुक्रवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मोत्सव मनाया। प्राचार्य रमेश रंगा ने बताया कि बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के लिए विशेष बाल सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम का सबसे खास हिस्सा रहा विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता, जिसका संचालन साइंस के अध्यापक मोहित चंदेल ने किया। इस मौके पर कक्षा 6वीं के छात्र देव ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं दूसरा स्थान के लिए तीन मॉडल बराबरी पर रहे। तीसरा स्थान कक्षा 5वीं के छात्र अर्जुन ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के शिक्षक सोमवीर, पवन कुमार, बलजीत, मुकेश, तथा अध्यापिकाएं सुलोचना देवी, सोनिया और पूजा चौहान मौजूद रहे।



भिवानी। विद्यार्थी को पुरस्कृत करते शिक्षक।

# बोरी दौड़ में सौरभ व गुंजन बने विजेता

- घुसकानी में थ्री लैग में सीनू व खुशबू तथा नींबू चम्मच दौड़ में अनुष्का प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। बोरी दौड़ में भाग लेती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस और बालदिवस पर गांव घुसकानी स्थित वीर शहीद कैप्टन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय में बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गई। शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू के नेतृत्व में बच्चों के लिए कई रोचक खेल प्रतियोगिताएं करवाई गई, जिसमें मुख्य आकर्षणों में थ्री लेग रेस और नींबू चम्मच दौड़ रही। विद्यालय के मुख्याध्यापक कृष्ण कुमार ने बच्चों को जीवन में अनुशासन, खेल और शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। पिंकू ने बताया कि थ्री लैग की लड़कियों की प्रतियोगिता में में अनुष्का व रीतू प्रथम, निशा व प्रिया द्वितीय तथा तन्नु व मीनू तृतीय रही तथा लड़कों में मंगल व हर्ष प्रथम, यश व मातु द्वितीय तथा विशाल व अंकुश तृतीय स्थान पर रहे। नींबू दौड़ में खुशबू, विनती, धोलो तथा शालु, तमन्ना व तन्नु अलग-अलग वर्गों में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। नींबू दौड़ में अनुष्का, निशा, रेखा, बोरी मैच में सौरभ, मंगल, मातु, बौरी मैच में गुंजन, तन्नु, खुशी तथा थ्री लैग में सीनू व खुशबू, खुशी व शालू तथा तमन्ना व समना क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। कार्यक्रम आयोजन में लक्ष्मी, गुड्डी, अनिल शर्मा, विजेन्द्र, नवीन ढांडा, विमला, सुमन, सुदेश आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बाल दिवस पर एकता का दिया संदेश



**भिवानी।** लिटिल हार्टस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सभी विद्यालयों में बाल दिवस पर बच्चों की विशेष बाल सभाओं, स्पोर्ट्स मीट व फन गेम्स आदि विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। विद्यालय के एमडी पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने उत्साह व आत्मविश्वास का परिचय देते हुए एक से बढ़कर एक अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शिवनगर स्थित लिटिल हार्टस कान्वेंट स्कूल में प्रथम कक्षा के बच्चों की विशेष सभा का आयोजन किया। हुडा सेक्टर -13 स्थित लिटिल हार्टस इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों की स्पोर्टस मीट व बाल सभा का आयोजन किया, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ-चढ़कर हिस्सा लिया। लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों की स्पोर्टस मीट व बाल सभा का आयोजन किया व लिटिल हार्टस पब्लिक स्कूल देवसर में विद्यार्थियों की स्पोर्टस मीट, बाल सभा व फन गेम्स का आयोजन किया। इस अवसर पर प्राचार्य दीपक जोशी, प्राचार्या वीना सेठ, प्राचार्या आरती शर्मा, उप-प्राचार्य मनमोहन चावला व सुदेश तुलस्यान, को-आर्डिनेटर ममता, पुजा, सुषमा, संगीता, रेखा, अनुराधा, हेमलता, हिमांशी, नुपुर, राजेश आदि उपस्थित रहे।

## आनंद स्कूल में बाल दिवस मनाया



**बवानीखेड़ा।** आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर में 14 नवंबर को बाल दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन आनंद यादव रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। शिक्षक बालेश्वर और सुमेश द्वारा प्रस्तुत मधुर गीत दिल है छोटा सा ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर निदेशक साहिल यादव, प्रिंसिपल नितीश मिश्र, मंजू भारद्वाज और सृष्टि यादव ने भी बच्चों को आशीर्वाद स्वरूप प्रेरणादायक शब्द कहे और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## मॉडल संस्कृति स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता हुई



**लोहारू।** खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रभा ने कहा कि शिक्षा की लौ से समाज और राष्ट्र में अज्ञानता का अंधकार समाप्त होता है। देश के बच्चों को संस्कारवान शिक्षा देकर देश को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकता है। वे राजकीय मॉडल संस्कृति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बाल दिवस के मौके पर आयोजित सांस्कृतिक एक खेलकूद कार्यक्रम के अवसर पर विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को संबोधित कर रही थी। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, म्यूजकलि चेयर, बाधा दौड़, लेमन रेस, तीन टांग रेस, फ्राग जंप रेस, मोनो एक्टिंग एवं नाटक सहित अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई। विद्यालय के उपप्राचार्य एवं इंचार्ज उम्मेद सिंह श्योराण ने सभी बच्चों को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम मे सफल आयोजन में एक्टिविटी इंचार्ज कमल शर्मा, बबीता कुमारी, मुकेश कुमार आदि का अहम योगदान रहा। इस मौके पर डॉ. अनिल सैनी, राजीव वत्स, राजेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, नीरज शर्मा, विद्याधर, सुशीला कुमारी, सुरेश शर्मा, राजीव आर्य, राजेश कुमारी, अनिल कटारिया, सोमबीर शास्त्री, जगबीर सिंह, मुनेश कुमारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एचडी किड्स केयर सेंटर में बाल दिवस मनाया



**चरखी दादरी।** एचडी किड्स केयर सेंटर समसपुर में बाल दिवस के अवसर पर फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें काफी संख्या में बच्चे विभिन्न वेशभूषा में नजर आए। कक्षा तीसरी के विद्यार्थी रानी लक्ष्मी बाई, कल्पना चावला, हरियाणवी वेशभूषा, फौजी डॉक्टर, इंदिरा गांधी, डॉ. भीमराव अंबेडकर शिक्षिका आदि की भूमिका में नजर आये। वहीं जूनियर कक्षा के विद्यार्थी घड़ी, ट्रैफिक लाइट, डॉक्टर, परी, तितली, टमाटर, शेर, फौजी, पायलेट, किसान, कॉलगेट, आदि का किरदार निभाते हुए नजर आए। प्रतियोगिता में युग, शौर्य, पवन, अंशु, नव्या, सौम्या, चेतना, कियॉन, सोनित, हिमानी, प्रियांशी, तुषार, तेजस, रक्षित, वन्या, कनिष्का, पर्व, रौनक, रुद्र, हिमांशी, दिव्यांश, मानसी, हिताक्षी, द्रुविका, मौनिक, हर्षित, यशिका, अनवी, विशु, दिक्षित, प्रियांशी, वश, हर्षित, प्रिशा, मोनिशा, माही, मयंक, पार्थ, ईशान, परी आदि विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

## आधुनिक भारत की नींव रखने में नेहरू का रहा अतुलनीय योगदान : गुलिया

# कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी





भिवानी। पंडित जवाहरलाल नेहरू को श्रद्धांजलि देते कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी, कमल सिंह प्रधान व अन्य।

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती शुक्रवार को भिवानी में जिला कांग्रेस कमेटी शहरी द्वारा बड़े ही उत्साह और सम्मान के साथ मनाई गई। यह कार्यक्रम सरस्वती शिक्षा सदन में हुआ। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी ने शिरकत की। जयंती समारोह पर विशेष पहल की गई, जिसके तहत विद्यार्थियों के लिए एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया और अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित कर उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वैभव शर्मा बिट्टू ने की तथा मंच संचालन दिनेश कौशिक ने किया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय नेहरू ने आधुनिक भारत की नींव रखने में अतुलनीय योगदान दिया। इस अवसर पर कमल सिंह प्रधान, ईश्वर शर्मा, बलबीर सरोहा, समीर खटीक, सुरेश प्रजापत, ईश्वर मान, प्राचार्य महेश शर्मा, पूर्व पार्षद शीला गौरा, रमेश ढिगाव, जयवीर गोयत, दिनेश कौशिक, संजय गांधी, बलवंत घणघस, महेंद्र यादव, रवि सोलंकी, सुमित बराड़, मनोज राठी, श्याम लाल चारण, रोबिन चौहान, राजेश बड़ाला व संदीप गिल आदि मौजूद रहे।

## एनएसयूआई ने मनाई पंडित नेहरू की जयंती

**भिवानी।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती शुक्रवार को एनएसयूआई भिवानी इकाई द्वारा चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के पुराने परिसर में बड़े सम्मान और उत्साह के साथ मनाई। छात्रों ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए नेहरू को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष मंजीत लांगायन ने की। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय नेहरू ने हमेशा युवाओं को देश की रीढ़ बताया। एनएसयूआई सदस्य सुमित ब्रार ने कहा कि नेहरू के विचार आज भी देश को सही दिशा दे रहे हैं। इस अवसर पर रवि, युवराज बराड़, मुनेश, मोहित, आशीष, जय सिंह, पूजा, मनीषा, कविता, सविता, रविदास, रविना, कोम, अंजली, दीपिका, मीनाक्षी, रवि, सूरज, मोनू, प्रिया व समीर आदि मौजूद रहे।



## दिल्ली वर्ल्ड स्कूल में बाल दिवस आयोजित



**भिवानी।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, भिवानी में प्राचार्या डॉक्टर निर्मला नीतू के मार्गदर्शन में बाल - दिवस के उपलक्ष में हर्षोल्लास के साथ विशेष प्रार्थना - सभा का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉक्टर निर्मला नीतू के करकमलों द्वारा भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पण के साथ ही कार्यक्रम का आरंभ किया गया। कक्षा सातवीं के छात्र हर्षित ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की वेशभूषा में उन्हीं के विचारों को मंच पर अभिव्यक्त किया। कक्षा सातवीं की छात्रा जैसिका ने बाल दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए। नितिक गोयल, जीवांश बावेजा और समर्थ यादव ने जवाहरलाल नेहरू की वेशभूषा में प्रस्तुति देकर मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर कक्षा तीसरी से 5वीं के विद्यार्थियों ने प्रेरक ' कार्टून फिल्म' कक्षा छठी से आठवीं के विद्यार्थियों ने बाल- फिल्म ' गट्टू' और कक्षा 9वीं से 12वीं के विद्यार्थियों ने प्रेरक फिल्म 'आई. एम. कलाम' देखने का आनंद उठाया।